बाइक में लगी आग, जलकर हुई खाक 4



## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह समारोह आज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन, कोरबा (महिला एवं बाल विकास विभाग) द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन 10 फरवरी को किया जाएगा। यह कार्यक्रम फुटबॉल ग्राउंड सीएसईबी पूर्व कोरबा में आयोजित होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9 बजे से किया जाएगा। प्रातः 10.30 बजे से अतिथिगण कार्य क्रमस्थल पर पधारेंगे। प्रातः 11 बजे मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नव-दंपत्तियों को आशीर्वाद प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखन लाल देवांगन, मंत्री, वाणिज्य, उद्योग, श्रम एवं आबकारी विभाग, छत्तीसगढ़ शासन उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्रीमती ज्योत्स्ना चरणदास महंत द्वारा की जाएगी। क्षेत्र के विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम में सम्मिलित होकर नव-विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

### उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन आज

**कोरबा।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, द्वारा जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं एवं भावी उद्यमियों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन विकासखण्ड पाली के ग्राम पंचायत केराझरिया स्थित रीपा सेंटर में 10 फरवरी दोपहर 12 बजे आयोजित किया गया है। शिविर में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत अनुदानित ऋण हेतु गर्दर्शन प्रदान किया जाएगा। साथ ही विभागीय अधिकारियों द्वारा ऋण प्रक्रिया, पात्रता शर्तों एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने संबंधी जानकारी दी जाएगी। महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरबा ने जिले के इच्छुक युवा-युवतियों एवं उद्यमियों से निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### बोर्ड परीक्षा की गोपनीय सामग्री 16 को होगी वितरित

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षाओं के लिए गोपनीय सामग्री वितरण के जारी निर्देश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के समस्त केंद्राध्यक्षों को निर्देशित किया है कि सभी आगामी 16 फरवरी को प्रातः 10 बजे समन्वय संस्था सेजेस कन्या साडा, कोरबा में उपस्थित होकर गोपनीय परीक्षा सामग्री प्राप्त करना सुनिश्चित करें। सामग्री प्राप्त करने के तुरंत बाद उसे संबंधित थाना या चौकी में सुरक्षित जमा करना अनिवार्य है। इस प्रक्रिया में समय-सीमा और गोपनीयता का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि मुख्य परीक्षाओं का संचालन सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### मां सरस्वती की प्रतिमा गढ़ की गई पूजा

**कोरबा।** कमला नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान गोदग्राम भादा के प्राथमिक विद्यालय में सरस्वती माता की प्रतिमा बनाई गई थी। रासेयो जिला संगठक वाय के तिवारी के नेतृत्व में वरिष्ठ स्वयंसेवक महासागर ने प्रतिमा का रंग रोगन कर उसे आकर्षक स्वरूप दिया, तदुपरांत ग्रामवासियों, स्वयंसेवकों तथा प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की गरिमामय उपस्थिति में मंदिर में मंत्रोचार के साथ पूजन कर आरती गाई गई और प्रसाद का वितरण किया गया। पूर्व में विद्यालय परिसर में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई थी जो खंडित हो गई थी रासेयो स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों की इच्छा का सम्मान करते हुए प्रतिमा का निर्माण किया जिनका पूजन हो जाने पर ग्राम पटेल बैजू राम यादव, कामता प्रसाद यादव आदि उपस्थित थे।

# फसलों को सुरक्षित रखने कोल्ड स्टोरेज बनाने की तैयारी, विभाग तैयार करेंगे प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में किसानों को उनकी फसल का सही दाम दिलाने उन्हें सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जिले में लंबे समय से कोल्ड स्टोरेज की आवश्यकता महसूस हो रही थी किंतु इस दिशा में प्रशासन स्तर पर योजनाबद्ध तरीके से कार्य नहीं होने के कारण कोल्ड स्टोरेज बनाने का प्रस्ताव ठण्डे बस्ते पर चला गया था अब पुनः विभागीय स्तर पर कोल्ड स्टोरेज बनाए जाने के प्रस्ताव शासन स्तर पर मांगे गए हैं।

जिले के ग्रामीण अंचलों में दोहरी फसल का रकबा पिछले कुछ वर्षो से बढ़ा है। रागी, कोदो, दलहन, तिलहन, सरसों जैसी फसलों का उत्पादन पिछले कुछ वर्षों से बढ़ा है। इसके अलावा सब्जियों की खेती भी ग्रामीण अंचलों में होने से इसका उत्पादन भी बढ़ा है किंतु किसानों को इन फसलों का सही दाम नहीं मिल पाने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति पर उस तरह का सुधार नहीं आ पा रहा था जैसी मंशा सरकार की थी और उसका मुख्य कारण फसलों और सब्जियों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक समझे जाने वाले कोल्ड स्टोरेज की सुविधा उपलब्ध नहीं होना है। इसके मद्देनजर कृषि, उद्यानिकी जैसे विभागों से कोल्ड स्टोरेज बनाए जाने को लेकर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। दोनों ही विभाग अब अपने स्तर पर ऐसे क्षेत्रों में कोल्ड स्टोरेज बनाने की तैयारी कर रहे हैं। जहां दोहरी फसल और सब्जियों की पैदावार ज्यादा होती है। ऐसे क्षेत्रों के किसानों के साथ विभाग के द्वारा बैठक लेकर सर्वे का कार्य किया जाएगा। इसमें यह देखा जाएगा कि किसान किस फसल का उत्पादन ज्यादा लेते हैं और किन क्षेत्रों में सब्जियों की पैदावार होती है। ऐसे क्षेत्रों का सर्वे कर वार्षिक प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा।

### पूर्व में सब्जी फसल को सुरक्षित रखने बनी थी योजना

**खास बातें**

- योजना पर नहीं हुआ था विभागीय स्तर पर अमल
- ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ा है सब्जी एवं अन्य फसल का रकबा



### बेंदरकोना में बना था कोल्ड स्टोरेज


काफी पहले बेंदरकोना क्षेत्र में सोलर पैनल की सहायता से चलने वाला एक छोटा कोल्ड स्टोरेज सब्जी उत्पादन करने वाले किसानों की सुविधा को लेकर बनाया गया था लेकिन वह भी सफल नहीं हो सका। सोलर पैनल बिगड़ने के बाद उनके सुधार के लिए कोई कार्य नहीं होने के कारण कोल्ड स्टोरेज आज बेकार पड़ा हुआ है। बेंदरकोना का क्षेत्र कोरबा ब्लॉक में सबसे अधिक सब्जी उत्पादन करने वाला क्षेत्र माना जाता है इसके अलावा चाकामार, गोढ़ी, मातमार, मुढुनारा, करमंदी आदि क्षेत्रों में सब्जी की पैदावार किसान लेते हैं।

## लाखों रुपए कीमती जेवरात को पुलिस ने किया जब्त

# बैंक अधिकारी के घर लाखों की चोरी मां-बेटे को पुलिस ने किया गिरफ्तार



प्रेसवार्ता में जानकारी देते पुलिस अधिकारी।



जप्त चोरी हुई सामग्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो दिन पूर्व एक बैंक अधिकारी के घर चोरों ने धावा बोलकर सोने चांदी की जेवरात सहित लाखों का माल पार कर दिया था। चोरी के इस मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने मामले में मां और पुत्र को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से पुलिस ने लगभग 12 लाख के सोने चांदी जेवरात बरामद किया है।

उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व मानिकपुर चौकी क्षेत्र के दादर दादर रोड निवासी एसबीआई के चीफ मैनेजर राजू मोदी शुक्रवार की सुबह सपरिवार किसी काम से अपने घर में ताला बंद कर रायपुर गए हुए थे। इस दौरान अज्ञात चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़कर मकान में रखे लाखों रूपये कीमती सोने के स्वर्ण आभूषण लेकर फरार हो गए थे। चोरी का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर मानिकपुर चौकी ⏭ शेष पेज 3 पर

### मुथूट फाइनेंस में रखे थे गिरवी

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि बैंक अधिकारी के घर लाखों के सोना चांदी की चोरी करने के बाद आरोपी संजय वैष्णव ने उक्त जेवरात को खपाने के लिए अपनी मां लव कुमारी वैष्णव को दे दिया था। लव कुमारी ने अपनी आईडी के माध्यम से उसे मुथूट फाइनेंस में गिरवी रख दिया था। पुलिस ने मुथूट फाइनेंस में गिरवी रखे गए सोने चांदी को भी बरामद कर लिया है। वहीं पुलिस फाइनेंस कंपनी की भूमिका पर भी जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि मुथूट फाइनेंस के अधिकारियों को नोटिस दिया जाएगा। नोटिस का सही उचित जवाब नहीं मिलने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है।

### सीसीटीवी फुटेज से मिला पुलिस को क्लू

बैंक अधिकारी के घर चोरी के मामले को सुलझाने के लिए मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर और उनकी टीम पिछले कई दिनों से लगातार मामले की तहकीकात कर रही थी और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ही पुलिस ने साडा कॉलोनी में रहने वाले संजय वैष्णव की पहचान की थी और उसे हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो संजय वैष्णव ने बैंक अधिकारी के घर चोरी करना कबूला। जिसके कब्जे से लाखों रुपए कीमती सोने चांदी की जेवरात को बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक संजय वैष्णव आदतन बदमाश है जिसके खिलाफ कोतवाली, सिविल लाइन में चोरी, नकबजनी, लूट, मारपीट बलवा और बलात्कार जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं।

### दो मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने भिंड़त युवक की मौत

**कोरबा।** दो मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने भिड़त हो जाने से एक युवक की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला सक्ति के ग्राम जामपाली निवासी नरेंद्र चंद्र 22 वर्ष पिता मनोज कुमार अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर किसी काम से भैंसमा करमंदी की ओर आ रहा था कि इसी दौरान दो मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में नरेंद्र चंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान नरेंद्र चंद्र की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच में कर रही है।

# संतान नहीं होने से दंपत्ति में विवाद, पति ने पत्नी पर गैंती से किया हमला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शादी के 18 साल बीत जाने के बाद भी संतान सुख की प्राप्ति नही होने पर दंपति के बीच अक्सर वाद विवाद की स्थिति निर्मित होती थी। एक सप्ताह पहले ही विवाहिता अपने मायके पहुंची थी और जहां शाम को उसका पति भी अपने ससुराल पहुंचा। दोनों दपंत्ति के बीच फिर से संतान नहीं होने की बात को लेकर वाद विवाद होने लगा और देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि उसने घर में रखे गैंती से अपनी पत्नी पर ताबड़तोड़ हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। हत्या की वारदात को अंजाम देने में वाले आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

**खास बातें**

- कटघोरा थाना क्षेत्र के ढेलवाडीह में रविवार की रात हुई वारदात
- आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार



घटना के बाद शव ले जाते पुलिस कर्मी।



आरोपी

जानकारी के अनुसार हत्या की वारदात कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम ढेलवाडी में घटित हुई है। बताया जाता है कि 18 साल पूर्व ढेलवाडीह निवासी रैना यादव उम्र 36 वर्ष शादी दीपिका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रंजना निवासी तुलसी प्रसाद यादव 37 वर्ष के साथ हुई थी शादी के वर्षों बीत जाने के बाद भी दोनों को संतान सुख की प्राप्ति नहीं हो रही थी और इसी बात को लेकर दोनों में अक्सर वाद विवाद की स्थिति निर्मित होती थी। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रैना यादव एक सप्ताह पहले ही अपने मायके ढेलवाडीह गई हुई थी। जिसके बाद उसका पति तुलसी प्रसाद यादव रविवार की शाम अपने ससुराल ढेलवाडीह पहुंचा था। रात लगभग 8:30 बजे दोनों ⏭ शेष पेज 3 पर

# म्यूल अकाउंट के माध्यम से साइबर ठगी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले के थाना, चौकी एवं साइबर पुलिस थाना द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में पोर्टल के माध्यम से प्राप्त जानकारी के आधार पर साइबर अपराधों में प्रयुक्त म्यूल खातों पर सतत निगरानी एवं कार्यवाही की जा रही थी। म्यूल अकाउंट से तात्पर्य ऐसे बैंक खाते से है, जिसे खाता धारक द्वारा पैसे के लालच में किराए पर दे दिया जाता है, ताकि साइबर ठगों द्वारा ठगी की राशि को उस खाते में प्राप्त किया जा सके एवं वास्तविक अपराधियों की पहचान छिपाई जा सके। समन्वय पोर्टल से प्राप्त मूल खाता धारकों की जानकारी के तकनीकी विश्लेषण के दौरान यह पाया गया कि थाना कुसमुंडा क्षेत्र के कुछ व्यक्तियों द्वारा नए बैंक खाते खुलवाकर उन्हें म्यूल अकाउंट के रूप में साइबर ठगों को उपलब्ध कराया गया, जिनका उपयोग देश के विभिन्न राज्यों में की गई साइबर ठगी की रकम प्राप्त करने हेतु किया गया। साइबर पुलिस थाना कोरबा एवं थाना कुसमुंडा की संयुक्त टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी आनंदनगर कुसमुंडा निवासी मोह. तवरेज उम्र 23 साल पिता मोह. गयासुद्दीन एवं पुष्पेंद्र साहू उम्र 22 साल पिता श्यामसुंदर साहू एवं उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरपाली सतनामीपारा निवासी संजय मिरी उम्र 36 वर्ष पिता शिवकुमार मिरी के खिलाफ धारा 318(4), 61(2) (ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पकड़े गए आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

**खास बात**

- मामला कुसमुंडा थाना एवं उरगा थाना क्षेत्र का मामला



आरोपी।




## खबर संक्षेप

### बिल्डिंग मटैरियल सप्लायर से मारपीट

**बिलासपुर।** दो युवकों ने बिल्डिंग मटैरियल सप्लायर से मारपीट कर दी है। बीच बचाव करने घरवाले आए तो दोनों हमलावर भाग गए। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, सेंदरी आवासपारा निवासी नारायण प्रसाद साहू पिता कैलासराम साहू रेती गिट्टी मटैरियल सप्लायर हैं। 8 फरवरी की रात वे अपने घर जा रहे थे। रात 10 बजे वे घर के पास पहुंचे तो और कार से बाहर निकले तो अज्ञात दो युवकों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। उनकी आवाज सुनकर घरवाले बीच बचाव करने आए तो दोनों हमलावर भाग गए। पुलिस ने श्री साहू की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### 55 लीटर महुआ शराब सहित कोचिया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने महुआ शराब बनाकर बिक्री करने वाले कोचिया को पकड़ लिया है। उसके पास से 55 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने कोचिया को गिरफ्तार कर लिया है। कोनी पुलिस को सूचना मिली, जलसो निवासी शिवनारायण वर्मा पिता स्व. सौपतलाल वर्मा 40 साल अपने में भारी मात्रा महुआ बिक्री करने के लिए रखा हुआ है। पुलिस ने उसके घर में दबिश देकर अलग अलग प्लास्टिक डिब्बों में 55 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत शराब जब्त कर शिवनारायण वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है।

### मिल संचालक से पिता पुत्र ने की मारपीट

**बिलासपुर।** सामान खरीदने दुकान गए मिल संचालक के साथ पिता पुत्र ने जमकर मारपीट कर दी है। पुलिस ने हमलावर पिता पुत्र के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, नेहरू नगर पारिजात एक्सटेंशन निवासी आदित्य घाटगे पिता अरूण घाटगे बिरकोना में लकड़ी मिल चलाते हैं। उनके घर के सामने रहने वाले बबला सिंह ठाकुर है। श्री घाटगे ने आरोप लगाया है पिछले एक माह से बबला सिंह अनावश्यक कमेंट करते रहते हैं। 8 फरवरी को शाम 6 बजे वे राधा स्वामी जनरल स्टोर गए थे। उस समय बबला सिंह उनका बेटा देव सिंह ठाकुर पहले से उपस्थित थे। उन्हें देखकर दोनों पिता पुत्र उनके साथ गाली गलौज करने लगे। मना करने पर दोनों पिता पुत्र हाथ मुक्का से मारपीट कर कालर पकड़कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने श्री घाटगे की रिपोर्ट पर हमलावर पिता पुत्र बबला सिंह ठाकुर, देव सिंह ठाकुर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### आपरेटर की घर में सड़ी लाश मिलने से सनसनी

**बिलासपुर।** प्रिंटर आपरेटर की घर के बिस्तर पर सड़ी हुई लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस जांच में जुट गई है। तारबाहर टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, विनोबानगर में किराए के मकान में रहने वाले प्रदीप जायसवाल पिता मेवालाल जायसवाल 42 साल अकेले रहते थे। 9 फरवरी को उनके साथ काम करने वाला एक कर्मचारी उनके घर गया तो तेज बदबू आ रही थी। पीछे के रास्ते से वह घर के अंदर गया तो प्रदीप जायसवाल बिस्तर में मृत मिले। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। देखते ही देखते लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। लाश 6 से 7 दिन पुरानी बताई जा रही है और पुरी तरह से सड़ गई थी। मामले की जांच की जा रही है। श्री अनंत ने बताया, मृतक शराब पीने का आदी था । बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### चाकू लहराकर धमकाने वाले दो युवक गिरफ्तार

बिलासपुर। चाकू लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि शनिचरी मछली मार्केट में एक युवक चाकू लहराकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जूना बिलासपुर मनोहर लाज के पास रहने वाले शुभम कुशवाहा पिता अमित कुशवाहा 22 साल को पकड़कर चाकू जब्त कर लिया है।

---

**गोदाम आउटर में शिफ्टिंग में खाद्य विभाग की अनदेखी** | **शहर के भीतर संचालित हो रहे आधा दर्जन गैस गोदाम**

# रिहायशी इलाके में गैस गोदाम, खाद्य विभाग मौन, कभी भी घट सकती है गंभीर दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



शहर के भीतर रिहायशी इलाकों में आधा दर्जन से भी अधिक गैस गोदाम संचालित हो रहे हैं। गैस गोदामों की आउटर में शिफ्टिंग को लेकर खाद्य विभाग की अनदेखी के कारण शहर के भीतर कभी भी गंभीर दुर्घटना घटित हो सकती है। संभव है कि इन गैस गोदामों की स्थापना के दौरान उन स्थानों पर आबादी न रही हो, जिससे इनके संचालन की अनुमति दी गई, लेकिन अब घनी बसाहट हो जाने के कारण इनकी शहर से आऊटर में शिफ्टिंग अति आवश्यक है।

घनी आबादी क्षेत्रों में शहर के भीतर स्थापित गैस गोदामों से हर समय अनहोनी का भय बना हुआ है। थोड़ी सी चूक भी एक बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। शहर के भीतर करीब आधा दर्जन गैस गोदाम स्थापित हैं। इनमें कपिलनगर, मगरपारा, करबला रोड, शुभम विहार व महाराणा प्रताप चौक में गैस एजेंसी के गोदाम संचालित हो रहे हैं। खाद्य विभाग के अनुसार गैस एजेंसियों को शहर के भीतर केवल ऑफिस संचालन की अनुमति होती है, वहीं गोदाम की स्थापना आऊटर में ही की जानी है। जिस समय गैस एजेंसियों द्वारा अपने गैस गोदाम स्थापित किए गए तब शहर इतना फैला हुआ नहीं था। अब शहर काफी फैल चुका है, जिससे गैस गोदाम अब घनी आबादी के बीच नजर आ रहे हैं। खाद्य विभाग ने भी अब इन गैस गोदामों को शहर के लिए न केवल खतरा बताया है, बल्कि इनकी जल्द आऊटर में शिफ्टिंग की प्रक्रिया प्रारंभ करने की बात भी कही है।

### पहले भी उठ चुकी है शिफ्टिंग की मांग

गैस गोदामों व आयल डिपो की शिफ्टिंग को लेकर पहले भी कई बार मांग उठ चुकी है। मांगों को लेकर कुछ दिनों तक गंभीरता दिखाई जाती है, लेकिन बाद में मामला फिस्स हो जाता है। अप्रैल-मई में शहर का तापमान 46 डिग्री के भी पार चला जाता है, जिससे आगजनी की घटनाएं लगातार देखी जाती हैं। इसके बाद भी अत्यंत ज्वलनशील पदार्थ की श्रेणी में आने वाले गैस गोदामों की शहर से आऊटर में शिफ्टिंग नहीं कर पाने की वजह समझ से परे है।

### बीच सड़क पर ट्रक खड़ा कर लोडिंग-अनलोडिंग

रिहायशी इलाकों में स्थापित गैस गोदामों में ऑयल कंपनी से भरा सिलेंडर मंगवाने के बाद गोदाम के सामने बीच सड़क पर ट्रक खड़ा कर अनलोडिंग किया जाता है। इसी तरह गोदाम के भीतर पड़े खाली सिलेंडर ट्रक में लोड किए जाते हैं। इस दौरान सड़क पर आवागमन करने वाले दुपहिया एवं चारपहिया वाहनों को आवागमन में बड़ी दिक्कत होती है, लेकिन इससे गैस कंपनी संचालकों को कोई सरोकार नहीं है।

### नहीं होना चाहिए गोदाम

शहर के भीतर रिहायशी इलाकों में गैस गोदाम नहीं होने चाहिए। इस संबंध में इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड को पत्र लिखकर संज्ञान लेने के लिए कहा जाएगा।

**-अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

---

## सेवा, करुणा एवं मानव कल्याण की भावना को सशक्त रूप से प्रस्तुत करेगा शिविर

# कर्दम तीर्थ में निकली कलश यात्रा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कर्दम तीर्थ में स्थित स्वामी भजनानंद वनवासी सेवा आश्रम में 11 फरवरी को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर स्वामी शारदानंद सरस्वती द्वारा स्थापित आश्रम की सेवा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण, वनवासी एवं जरूरतमंद लोगों को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है।

यह स्वास्थ्य शिविर 47वें विष्णु महायज्ञ के पावन अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती महाराज कर्दम तीर्थ पहुंच चुके हैं। उनके सान्निध्य में आयोजित यह शिविर सेवा, करुणा एवं मानव कल्याण की भावना को सशक्त रूप से प्रस्तुत करेगा। उल्लेखनीय है कि कदम तीर्थ केंद्र में पिछले कई वर्षों से लगातार इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से अब तक हजारों लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार का लाभ मिल चुका है। आंखों की जांच और चश्मे का वितरण हमेशा ही किया जाता है आश्रम द्वारा संचालित यह पहल क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। स्वास्थ्य शिविर में बिलासपुर से अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम निःशुल्क अपनी सेवाएं देंगे। जो विभिन्न रोगों से संबंधित परामर्श एवं जांच सेवाएं प्रदान करेगी।



### कलश यात्रा में शामिल हुई महिलाएं

स्वामी हरिहरानंद के सानिध्य में आयोजित यज्ञ के लिए सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ग्रामीण महिलाएं कतारबद्ध होकर कलश लेकर निकलीं। इसके साथ देवपूजन हुआ। 17 फरवरी को सामूहिक विवाह होगा। इस मौके पर जुगल अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, उषा अशोक अग्रवाल, जांजगीर, मनोज मित्तल चांपा, मोहनलाल अग्रवाल, नाराण अग्रवाल अंबिकापुर, सुरेश अग्रवाल मोरगा, पवन अग्रवाल कटघोरा, सागरमल जाजोदिया कटघोरा, सौम्य अग्रवाल बतौली, वृन्दावन मोरगा आदि मौजूद थे।

### लोगों को मिलेगा लाभ

आश्रम प्रबंधन का कहना है कि यह शिविर विशेष रूप से उन लोगों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा, जो आर्थिक कारणों से नियमित चिकित्सा सुविधा नहीं ले पाते हैं। शिविर के माध्यम से जरूरतमंद वर्ग को एक ही स्थान पर विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ उठाएं तथा अपने परिवारजनों एवं परिचितों को भी इस शिविर की जानकारी दें, ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति चिकित्सा सुविधा से वंचित न रह जाए।







### ये डॉक्टर रहेंगे मौजूद

डाक्टरों की टीम में डीएनबी न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. रजनीश पाण्डेय, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. चन्द्र भूषण देवांगन, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. वैभव कौशिक, एम. डी. फिजिशियन डॉ. मनोज मिश्रा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. इप्शिता प्रियदर्शनी एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप तिवारी अपनी पूरी चिकित्सकीय टीम के साथ उपस्थित रहेंगे। शिविर के दौरान रोगियों की खून एवं मूत्र की जांच, बीएमडी टेस्ट (हड्डियों की मजबूती की जांच), ब्लड शुगर एवं थायरॉइड की जांच, नेत्र परीक्षण तथा अन्य आवश्यक चिकित्सकीय जांचें की जाएंगी। इसके साथ ही रोग की स्थिति के अनुसार मरीजों को उचित परामर्श, दवाइयों के संबंध में मार्गदर्शन एवं आगे के उपचार की सलाह भी दी जाएगी।

---

# प्रेमी के खुदकुशी करने पर प्रेमिका ने फांसी लगाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



परिजनों का बयान लेने पहुंची पुलिस।

प्रेमी के खुदकुशी करने से क्षुब्ध होकर प्रेमिका ने बुआ के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

तोरवा थाना के एएसआई विमला मनहर ने बताया, कोरिया बैकुंठपुर पाठाकोना निवासी प्रिंसी गुप्ता पिता स्व. बब्लू गुप्ता 17 साल 11 माह अपने प्रेमी विजय के साथ घर छोड़कर दिल्ली भाग गई थी। वहां विजय के घरवालों ने उसे रखने से इनकार कर दिया। जिससे उनके बीच विवाद हो गया। सूचना पर दिल्ली पुलिस ने प्रिंसी को वहां के अनाथ आश्रम में सुरक्षार्थ रखवा दिया था। उसके बाद दिल्ली से बैकुंठपुर अनाथ आश्रम में उन्हें शिफ्ट कर दिया था। जानकारी होने 15 दिन पहले उनकी बुआ तोरवा पंप हाउस के पास किराए के मकान में रहने वाली वसुंधरा गुप्ता पति चंचल गुप्ता ने अनाथ आश्रम से अपने घर ले आई थी। 8 फरवरी को शाम 6 बजे प्रिंसी को उसके सहेली ने बताया कि उसके प्रेमी विजय ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। यह बात प्रिंसी ने अपने बुआ को भी बताई थी। रोज की तरह 9 फरवरी को सुबह बुआ व फूफा काम पर चले गए। सुबह 10 बजे बुआ वसुंधरा ने प्रिंसी को फोन कर अपने बेटे को खाना खिलाने के लिए बोली थी। उसके बाद उनके मकान मालिक ने उन्हें फोन कर प्रिंसी के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की जानकारी दी। पति पत्नी अपने घर गए तो प्रिंसी फांसी पर लटकी मिली।

संभावना जताई जा रही प्रेमी के द्वारा खुदकुशी कर लेने से क्षुब्ध होकर प्रिंसी ने भी फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। बहरहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है।

# रेलवे स्टेशन में बिगड़ी वृद्ध यात्री की तबीयत

बिलासपुर। जोनल रेलवे स्टेशन में अचानक एक वृद्ध यात्री की तबीयत बिगड़ी और वे बेहोश हो गए। सूचना मिलते ही वाणिज्य विभाग की स्पेशल टीम ने तत्काल आपातकालीन चिकित्सा की व्यवस्था कर राहत प्रदान कराया।

सोमवार को एक वृद्ध यात्री भिलाई से कोरबा तक सफर कर रहे थे। यात्री को बिलासपुर आने के बाद कोरबा की ओर जाने के लिए ट्रेन बदलना था। ट्रेन के स्टेशन पहुंचते ही वृद्ध यात्री बिलासपुर में उतर गए। इस दौरान उनकी तबीयत खराब हो गई और वे बेहोश हो गए। जानकारी मिलते ही वाणिज्य विभाग की स्पेशल टीम ने मौके पर पहुंचकर यात्री को स्टेशन स्थित आपातकालीन चिकित्सा कक्ष तक पहुंचाकर उनके परिजन से संपर्क किया। जांच में पाया गया कि यात्री का शुगर स्तर अत्यधिक कम हो गया, जिसके कारण उनकी स्थिति गंभीर थी। प्राथमिक उपचार के बाद उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ। इसके बाद उन्हें कोरबा के लिए रवाना कर दिया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि स्पेशल टीम आपातकालीन परिस्थितियों में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर मानवीय सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

---

# पुराने विवाद में युवक पर चाकू से हमला, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। पुराने विवाद में युवकों ने एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, नारियल कोनी दयालबंद निवासी सन्नी उर्फ गोलू कश्यप पिता उमाशंकर कश्यप तोरवा पुल के पास चखना दुकान में काम करता है। 8 फरवरी को चखना दुकान बंद होने पर वह अपने मालिक गोपी सोनकर के साथ खाना खाने रवि रिसार्ट गया। खाना खाने के बाद सन्नी उर्फ गोलू पैदल घर जा रहे थे। रात 11.30 बजे संदीप मिश्रा अपने साथियों के साथ उन्हें रोककर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए पीठ में चाकू से हमला कर दिया। कुछ दूर भागने के बाद वह गिर गया। जिससे हमलावर भाग गए। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर संदीप मिश्रा एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 126, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# एक क्लिक से पंचायत परिसंपत्तियों की मिलेगी पूरी जानकारी, डिजिटल रिकार्ड हो रहा तैयार

**बिलासपुर।** मोबाइल एप पर एक क्लिक करते ही अब ग्राम पंचायतों की सभी परिसंपत्तियों की जानकारी मिल जाएगी और कौन से पंचायत क्या-क्या संपत्ति और कब निर्माण कराया गया है, यह भी पता चल जाएगा। इसके लिए ग्राम संपदा मोबाइल एप पर पंचायत भवन से लेकर सामुदायिक भवन, दुकान, बाजार परिसर तालाब, खेल मैदान का डिजिटल रिकार्ड तैयार किया जा रहा है।

आधुनिक युग में हर क्षेत्र में डिजिटलीकरण होते जा रहा है। इससे शहर से लेकर गांव अब गांव भी अछूते नहीं रहे। आने वाले कुछ दिनों में पंचायतों के परिसंपत्तियों का डिजिटलीकरण का काम भी पूरा हो जाएगा और ग्राम पंचायतों के संपत्तियों के डिजिटलीकरण की दिशा में ग्राम संपदा मोबाइल एप एक महत्पूर्ण डिजिटल पहल के रूप में सामने आएगा। मोबाइल एप पर क्लिक करते ही किसी भी पंचायत के एक-एक परिसंपत्तियों की जानकारी मिल जाएगी और यह भी पता चलेगा कि कौन से पंचायत में कौन सा भवन या संपत्त है और कब बनाई गई थी, उसकी लागत कितनी थी, कितनी राशि में निर्माण कराई गई थी आदि जानकारी उसमें रहेगी। इसके लिए एक-एक पंचायतों के पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, दुकानें, बाजार परिसर, तालाब, खेल मैदान आदि का डिजिटल रिकार्ड तैयार करने का काम चल रहा है। बिलासपुर जिले के सभी 486 ग्राम पंचायतों का ग्राम संपदा एप में डिजिटल रिकार्ड तैयार किया जा रहा है।

---

# मोपका जंगल में काटा गया एक पेड़ लेकिन अवैध उत्खनन से लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोपका के जंगल में अवैध उत्खनन से लाखों का नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन वहां एकमात्र पेड़ की कटाई हुई। इस मामले की मौके पर जाकर विभागीय अफसरों व स्टाफ ने जांच की, जिसके बाद ग्रामीणों से पूछताछ कर अज्ञात के खिलाफ वन अधिनियम के तहत अपराध कायम कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार मोपका के खसरा नम्बर 2500 और 53, 54, 55 में 80 एकड़ से अधिक वन विभाग की भूमि है, जहां पिछले कई दिन से अवैध मिट्टी का खनन और सागौन व अन्य प्रजातियों के हरे-भरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही थी। 80 एकड़ से अधिक फैले इस जंगल में किसी भी बीट गार्ड को तैनात नहीं किया गया था, जिसके कारण बिलासपुर वन मंडल के मोपका क्षेत्र के जंगल में कोई अफसर और स्टाफ झांकने तक नहीं पहुंचते थे। वर्षो पहले यहां सागौन और अन्य प्रजातियों के पौधरोपण करने के बाद क्षेत्र को नारंगी घोषित कर दिया गया था। पांच साल तक वन विभाग ने इसकी देखभाल की और पांच साल बाद इसे भगवान भरोसे छोड़ दिया।



मोपका जंगल से काटे गए वृक्ष के ठूंठ।

इस दौरान यहां पौधे और क्षेत्र की सुरक्षा करने वाले दैनिक वेतन भोगी स्टाफ को भी हटा दिया गया। इसका फायदा उठाकर भू माफियाओं ने जेसीबी से सैकड़ों फीट रेतीली मिट्टी की खोदाई करने के साथ पेड़ों पर भी कुल्हाड़ी चलाना शुरु कर दिया। पूर्व में तैनात गार्ड रामनारायण धूरी ने जानकारी दी कि वर्ष 2013-14 में मोपका के बीट नम्बर ए और बी में हजारों की संख्या में पौधरोपण किया गया था, जिसमें सागौन के पेड़ भी शामिल थी। इनकी सुरक्षा के लिए उनके साथ बुद्धेश्वर, राजकुमार जय कुमार सहित चार लोगों को जिम्मेदारी दी गई थी। दो वर्ष में उनकी कंपनी से अनुबंध समाप्त होने का हवाला देकर वन विभाग अफसरों ने सभी सुरक्षा गार्ड को हटा दिया। मोपका में फैले जंगल से लगे जमीनों में करीब पांच ईंट भट्ठे संचालित हैं।

### ईंट भट्टा संचालकों को फायदा

ग्रामीणों ने बताया कि मोपका के जिस स्थान पर अवैध मिट्टी उत्खनन और पेड़्रों की अंधाधुंध कटाई की गई। वहां जंगल के आसपास और पीछे में ईंट भट्ठे संचालित होते हैं, जो बड़े राजनीतिक दलों से जुड़े हुए हैं। इनका नाम सुनते ही विभाग के अफसर किसी तरह की कार्रवाई नहीं करते। इसके कारण वे बेधड़क अपनी जेसीबी लाकर खोदाई कर रहे हैं।

### एक पेड़ की कटाई

मोपका में अवैध उत्खनन और पेड़ों की कटाई होने की सूचना मिली थी। इसके बाद मौके पर जाकर जांच की गई, जहां केवल एक पेड़ की कटा हुआ दिखा, लेकिन अवैध उत्खनन जरूर हुआ है। इस स्थान पर वापस चौकीदार को तैनात किया जा रहा है, ताकि उसकी सुरक्षा हो सके। इसके अलावा अज्ञात के खिलाफ वन अधिनियम के तहत अपराध भी कायम कर लिया गया है।

---

# शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार करती कॅरियर काउंसलिंग




**कोरबा।** शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहे आचार्य इंस्टीट्यूट द्वारा प्रतिभा की खोज स्कॉलरशिप टेस्ट के अंतर्गत सम्मान समारोह, पुरस्कार वितरण एवं करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन 8 फरवरी को राजीव गांधी ऑडिटोरियम, टीपी नगर में किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि ऐसी पहल शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार करती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर संजू देवी राजपूत ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अक्षय कुमार दुबे मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर एवं भौतिकी विभागाध्यक्ष संदीप द्विवेदी ने कहा कि आज का विद्यार्थी ही कल का भविष्य है। सही समय पर मार्गदर्शन, अनुशासन और सकारात्मक सोच से कोई भी छात्र अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। आचार्य इंस्टीट्यूट विद्यार्थियों को केवल परीक्षा ही नहीं, बल्कि जीवन की तैयारी कराता है। इस अवसर पर नरेंद्र, अनिल यादव, आकाश श्रीवास्तव, मोनू आदिले, केडी वैष्णव, युवराज चंद्रा, लीलाराम पटेल सहित आचार्य इंस्टीट्यूट की पूरी टीम उपस्थित रही।

# ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस के साथ मनाया गया आवास दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार एवं सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग के मार्गदर्शन में जिले की ग्राम पंचायतों में शनिवार को चावल उत्सव, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत रोजगार दिवस तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास दिवस का आयोजन किया गया।

अलग खबर

आवास दिवस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराना, हितग्राहियों में जागरूकता बढ़ाना तथा निर्माण के दौरान आ रही समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा। जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन प्रत्येक माह की 7 तारीख को सभी ग्राम पंचायतों में अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय पर पक्का आवास उपलब्ध कराया जा सके। आवास दिवस के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राहियों के आवास निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने हेतु विशेष चर्चा की गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत पदाधिकारियों द्वारा ग्रामीण हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा विकसित भारत जी राम जी अधिनियम 2025 के प्रावधानों की जानकारी क्यूआर कोड आधारित प्रणाली के माध्यम से दी गई। ग्रामीणों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु क्यूआर कोड स्कैन प्रणाली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसी क्रम में मनरेगा के कार्य स्थलों पर आयोजित रोजगार दिवस के दौरान विकसित भारत जी राम जी अधिनियम 2025 से संबंधित पम्पलेट का वितरण कर इसके प्रावधानों की जानकारी ग्रामीणों को दी गई तथा रोजगार अधिकारों पर चर्चा की गई।

### क्यू आर कोड प्रणाली अपनाने के लिए किया गया प्रोत्साहित

**खास बात**

- पीएम आवास को निर्धारित समय में पूरा करने की चल रही कवायद




## मुड़ापार हेलीपेड में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का कैबिनेट मंत्री और महापौर ने किया लोकार्पण

# उद्योग मंत्री ने मथुरा माली मरार पटेल समाज को दी 10 लाख के सामुदायिक भवन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सभी समाज की आर्थिक उत्थान और प्रगति के लिए छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार सभी समाज के साथ खड़ी है और उनके उत्थान और विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। कोरबा विधानसभा में भी सभी समाज की मांग अनुरूप विकास कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। मथुरा माली मरार पटेल समाज का आशीर्वाद मुझे सदैव मिलता रहा है, समाज की सेवा करने का मुझे यह सौभाग्य मिला है। समाज की मांग पर प्रभारी मंत्री मद से 10 लाख की लागत से भवन का निर्माण कराया गया है, आज भवन समाज को समर्पित किया जा रहा है। इसी के साथ-साथ वार्ड क्रमांक 55 सुमेधा नागिन भाटा में समाज के लिए सामुदायिक भवन हेतु 10 लाख की स्वीकृति दी गई है, जल्द ही भवन पूर्ण हो जाएगा।

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने नवनिर्मित सामुदायिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कही। इस दौरान उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने मथुरा माली मरार पटेल समाज को 10 लाख की लागत से बने सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक भवन की सौगात दी। श्री देवांगन ने कहा कि पटेल समाज एक संगठित और सशक्त समाज है। समाज एक सशक्त और संगठित समाज की अवधारणा को पूरा करते हुए आगे बढ़ रहा है। पटेल समाज एक मेहनतकश समाज है। कड़ी मेहनत कर धरती को हरा भरा बनाने का कार्य मरार समाज करता है। उन्होंने कहा कि समाज आज खेती किसानी, सब्जी-भाजी के उत्पादन के साथ- साथ हर क्षेत्र में काफी आगे है। कार्यक्रम में मंत्री श्री देवांगन और महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने समाज के पदाधिकारियों के साथ मां शाकम्भरी देवी की पूजा अर्चना कर प्रदेश और शहर की खुशहाली की कामना की। नवनिर्मित सामुदायिक भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर सभापति नूतन सिंह उपस्थित रहे।


भवन का लोकार्पण करते उद्योग मंत्री, महापौर, सभापति व अन्य।

**शहर गढ़ रहा विकास का नया आयाम**

महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन की नेतृत्व में शहर विकास के नए आयाम गढ़ रहा है। शहर के वार्ड, बस्तियों के मूलभूत विकास कार्य की बात हो, या फिर बड़े निर्माण कार्यों की बात हो, और सबसे महत्वपूर्ण सभी समाज को उनके मांग अनुरूप विकास कार्यों की सौगात देने की बात हो। सभी कार्यों के लिए शासन से राशि की स्वीकृति भी ला रहे हैं, विकास कार्यों को शुरू कर पूर्ण कर सौगात भी दे रहे हैं।

# कच्ची शराब के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा


कलेक्टोरेट पहुंचे नकटीखार के ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्राम नकटीखार में अवैध कच्ची शराब के निर्माण और बिक्री से परेशान ग्रामीणों का आक्रोश सोमवार को खुलकर सामने आया। बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्टरेट कार्यालय पहुंचे और प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर गांव में चल रहे अवैध शराब कारोबार पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लंबे समय से खुलेआम कच्ची शराब बनाई और बेची जा रही है, जिससे गांव का माहौल लगातार खराब होता जा रहा है। शराब के कारण आए दिन विवाद, झगड़े और असामाजिक गतिविधियां बढ़ रही हैं, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कच्ची शराब के सेवन से युवा पीढ़ी भी प्रभावित हो रही है और कई लोग नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है, जिसके कारण यह धंधा लगातार फल-फूल रहा है। कलेक्टरेट पहुंचे ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि गांव में अवैध शराब निर्माण और विक्रय पर सख्ती से रोक लगाई जाए तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो ग्रामीण बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

# बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य परीक्षण एवं जनजागरूकता पर दें विशेष जोर : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासन के निर्देशानुसार वजन त्यौहार 2026 का शुभारंभ आंगनबाड़ी केन्द्र रामपुर-1, सेक्टर रामपुर, कोरबा (शहरी) में कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी बसंत मिंज, वार्ड पार्षद श्रीमती ममता यादव तथा परियोजना अधिकारी मनोज अग्रवाल उपस्थित रहे।

**खास बात**

- कलेक्टर ने किया वजन त्योहार का शुभारंभ

कार्यक्रम की शुरुआत केंद्र में उपस्थित बच्चों द्वारा अभिवादन और स्वागत से हुई। इसके पश्चात कलेक्टर श्री दुदावत ने बच्चों से आत्मीय परिचय लिया। बच्चों द्वारा-नींबू देखो गोल-गोल और मछली जल की रानी है जैसी बालगीत प्रस्तुत किए गए, जिससे कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण और आनंददायक बना। कलेक्टर ने बच्चों को विभिन्न रंग दिखाकर रंगों की पहचान कराई तथा सब्जियों और फलों के चित्रों के माध्यम से उनके पोषण महत्व पर चर्चा की। बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रश्नों के उत्तर दिए और गतिविधियों में भाग लेने वाले सभी बच्चों को चॉकलेट वितरित की गई। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से केंद्र में दर्ज बच्चों, गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं, कुपोषण की स्थिति और टीकाकरण संबंधी जानकारी ली। उन्होंने सही तरीके से वजन और ऊँचाई मापने पर विशेष निर्देश दिए। साथ ही एनआरसी और घर पर बच्चों की उचित देखभाल पर ध्यान देने की बात कही। कलेक्टर की उपस्थिति में दो बच्चों नव्या (उम्र 2 माह), पिता- करण गोड और आन्या (उम्र 5 माह), पिता- शनि जायसवाल का वजन इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन से और ऊँचाई इन्फेंटोमीटर से मापी गई। कलेक्टर ने सभी हितग्राहियों को टीकाकरण, संतुलित आहार, पौष्टिक भोजन और बच्चों की नियमित निगरानी से संबंधित महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। वजन त्यौहार के इस शुभारंभ कार्यक्रम में 0 से 6 वर्ष के बच्चे, गर्भवती महिलाएं, शिशुवती माताएं, किशोरी बालिकाएं, पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन और स्थानीयजनों की सक्रिय उपस्थिति रही। वजन त्यौहार का उद्देश्य बच्चों की पोषण स्थिति का वास्तविक आकलन कर उन्हें आवश्यक सेवाओं से जोड़ना और समुदाय में पोषण जागरूकता बढ़ाना है। कलेक्टर श्री दुदावत द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे अपने क्षेत्र के आंगनवाड़ी केन्द्रों में निर्धारित तिथियों के दौरान बच्चों को अनिवार्य रूप से उपस्थित कराएं, ताकि वजन त्योहार का उद्देश्य पूर्ण हो सके और जिले को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा सकें।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते कलेक्टर।

# हाथी- मानव द्वंद रोकने ग्रामीण गुवाहाटी में लेंगे प्रशिक्षण



प्रशिक्षण लेते ग्रामीण व वन विभाग के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में हाथियों का उत्पात लगातार बढ़ता ही जा रहा है हाथी व मानव द्वंद को रोकने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। वनांचल क्षेत्र में प्रभावित ऐसे ग्रामीणों को वन विभाग ने चिन्हांकित कर उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए गुवाहटी भेजा गया है जहां उन्हें हाथी मानव द्वंद रोकने के लिए किया जा रहा है।

शासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट एलिफेंट के अंतर्गत मानव-हाथी द्वंद से प्रभावित व्यक्तियों की भावनाओं, समस्याओं एवं अनुभवों को समझने तथा द्वंद प्रबंधन क्षमता विकसित करने हेतु गुवाहाटी में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से हाथी प्रभावित व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया था। इसी कड़ी में वन मण्डल कटघोरा से संदीप कुमार उईके एवं अशोक कुमार उक्त प्रशिक्षण में शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि संदीप कुमार उईके के दादा की मौत हाथे हमले से हुई थी। जबकि अशोक कुमार साहू की कृषि भूमि को प्रत्येक वर्ष हाथियों द्वारा भारी क्षति पहुंचाई जाती है। प्रशिक्षण कार्यकम हाथी प्रभावित समुदायों की वास्तविक समस्याओं को समझने, उनके अनुभवों को साझा करने तथा मानव-हाथी द्वंद न्यूनीकरण के लिए प्रभावी एवं व्यावहारिक उपाय विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। कुमार निशांत वनमण्डलाधिकारी कटघोरा ने बताया कि प्रशिक्षण से कटघोरा वनमण्डल के हाथी प्रभावित क्षेत्रों में द्वंद न्यूनीकरण हेतु प्रभावी रूप से किया जाएगा।

# भिलाई से कोरबा आ रहे यात्री की बिगड़ी तबियत, मिली चिकित्सा सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर वाणिज्य विभाग की स्पेशल टीम की त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई से एक अस्वस्थ वरिष्ठ यात्री को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराते हुए सुरक्षित राहत प्रदान की गई। संबंधित यात्री भिलाई से कोरबा की यात्रा कर रहे थे तथा बिलासपुर स्टेशन पर उन्हें कोरबा जाने के लिए ट्रेन बदलनी थी। इसी दौरान बिलासपुर रेलवे स्टेशन परिसर में अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने से वे अचेत हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही वाणिज्य विभाग की स्पेशल सेल टीम ने तत्परता एवं सजगता का परिचय देते हुए तत्काल मौके पर पहुंचकर यात्री को स्टेशन स्थित आपातकालीन चिकित्सा कक्ष तक पहुंचाया तथा उनके परिजनों से शीघ्र संपर्क स्थापित किया। चिकित्सकीय जांच में पाया गया कि यात्री का शुगर स्तर अत्यधिक कम हो गया था, जो गंभीर स्थिति थी। चिकित्सकों की निगरानी में उन्हें आवश्यक प्राथमिक उपचार एवं चिकित्सा सहायता प्रदान की गई, जिससे शीघ्र ही उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ। स्वास्थ्य में सुधार के पश्चात परिजनों के अनुरोध पर यात्री को पूर्ण सुरक्षा एवं देखरेख के साथ ट्रेन द्वारा उनके गंतव्य कोरबा के लिए रवाना किया गया।



*कोरबा। जनदर्शन में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों एवं शहरी अंचलों से आए आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। सभी आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार परीक्षण कर समय-सीमा में निराकरण करने कहा।

**बिजनेस प्लस**

## ब्रेन ट्यूमर का सफल ऑपरेशन, 7 घंटे की सर्जरी से महिला को मिला नया जीवन

**कोरबा।** ब्रेन ट्यूमर से जुड़ा एक मामला न्यू कोरबा हॉस्पिटल में आया जिसका सफल ऑपरेशन कर न्यूरोसर्जन डॉ. शिवानी प्रगदा ने मरीज की जान बचा ली। 47 वर्षीय ममता (बदला हुआ नाम) क्स्टसीरा कोरबा निवासी अचानक झटके, बार-बार उल्टी की शिकायत व चक्कर के कारण वह बेहोश हो गयी। परिजन उन्हें बेहोशी की हालत में न्यू कोरबा हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए आईसीयू में रखा गया। मस्तिष्क का एमआरआई करने पर पता चला कि ब्रेन के दायें हिस्से में गेंद के आकार का बड़ा गांठ बना हुआ था, जिसे मेनिंजियोमा ट्यूमर कहते हैं। जो मस्तिष्क पर अत्याधिक दबाव डाल रहा था। गांठ को परिवार के लोग देखकर हैरान रह गए। परिजनों ने तब राहत की सांस ली जब न्यूरोसर्जन ने ऑपरेशन हो जाने की बात कही। न्यूरोसर्जन ने एनेस्थेटिस्ट व ओटी टीम के साथ 7 घंटे तक ऑपरेशन किया जो पूर्णतः सफल रहा, मरीज़ की हालत में धीरे-धीरे लगातर सुधार आता गया, बातचीत करने लगी और किसी भी प्रकार के दौरे व उल्टी की तकलीफ नहीं हुयी। न्यूरो फिजियोथैरेपिस्ट के प्रयास से मरीज को चलाया-फिराया गया। मरीज को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और अब वह स्वस्थ है। मरीज के परिजनों ने डॉ. शिवानी सहित न्यू कोरबा हॉस्पिटल टीम का आभार जताया है।

**खबर संक्षेप**



### जिले में आचार्य धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा की जोरों पर

**कोरबा।** शहर में जल्द ही बाबा बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री की दिव्य श्री हनुमंत कथा का आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम मार्च में 5 दिन तक चलेगा, जिसमें लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं। कथा की सफलता के लिए पहला निमंत्रण मां सर्वमंगला को अर्पित कर प्रार्थना की गई। अपना सेवा आश्रम के संस्थापक राणा मुखर्जी ने कहा कि कथा का आयोजन बांकीमोंगरा इलाके के डबडब में हो सकता है। कार्यक्रम स्थल के लिए जिला प्रशासन को दो से तीन जगह के प्रस्ताव दिए गए हैं, जिनका निरीक्षण किया जा रहा है। इसी दौरान, रजगामार क्षेत्र में अपना सेवा घर आश्रम का भूमि पूजन भी बाबा बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री के हाथों होगा। उक्त आयोजन में राणा मुखर्जी, ऋषभ शुक्ला, साकेत शर्मा, संदीप शर्मा, तपिश, रवि गिदवानी, अजय पटेल, उदय श्रीवास्तव, अविनाश दुबे, अखिल, मिथलेश दुबे, ऋतु चौरसिया और वरिष्ठ स्वयंसेवक जुड़ावन सिंह का मार्गदर्शन सराहनीय रहा।

### त्यागमूर्ति रमाई के आदर्शों पर अभिवादन जयंती सभा संपन्न



**कोरबा।** शहर के मुड़ापार में स्थित तक्षशिला बौद्ध विहार के हॉल में शनिवार को संवैधानिक भारत राष्ट्र निर्माता डॉ बाबा साहब अंबेडकर को भारतरत्न एवं विश्वरत्न बनाने में निस्वार्थ भाव एवं पूर्ण समर्पण के साथ अपनी और अपने चार मासूम बच्चों की कुरबानियां देने वाली जीवन संगिनी त्यागमूर्ति रमाई की पावन जयंती शुभकामना अभिवादन सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल ऋषिकर भारती, अध्यक्षता बौद्ध समाज की अध्यक्ष लता बौद्ध, विशेष उपस्थित अतिथियों में पूर्व जिलाध्यक्ष गणेश बांबोडे रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम में माता रमाई के जीवन चरित्र पर आकर्षक नृत्य, गीत एवं भाषण दिए। प्रमुख व्यक्ता गोपाल ऋषिकर भारती ने कहा कि वर्तमान समय भारत ही नहीं तो संपूर्ण विश्व के लिए बेहद खतरनाक स्थिति में आ चुका है। सत्ता पर काबिज प्रमुख हुक्मरानों में धन संग्रह और अय्याशी की हवस इस तरह बढ़ती जा रही है कि मानवता को शर्मसार होना पड़ रहा है।

### निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन कल

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी के नेतृत्व में आम नागरिकों में कैंसर की समय पर पहचान और रोकथाम को ध्यान में रखते हुए 11 फरवरी को निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग कोरबा और बालको मेडिकल सेंटर रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में रानी धनराज कुंवर शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में आयोजित होगा। शिविर में बालको मेडिकल सेंटर रायपुर के कैंसर विशेषज्ञ डॉ. गौरव गुप्ता एवं उनकी टीम द्वारा कैंसर की प्रारंभिक जांच, महिलाओं के लिए आवश्यक परामर्श तथा चिकित्सकीय मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

**पृष्ठ 1 का शेष**

### बैंक के घर...

प्रभारी परमेश्वर राठौर अपनी टीम के साथ मामले की तहकीकात में जुटे हुए थे। इस बीच सीसीटीवी फुटेज के आधार साडा कॉलोनी के मकान नंबर डी 18 निवासी संजय वैष्णव पिता दानेश्वर वैष्णव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बैंक के अधिकारी राजू मोदी के घर से चोरी करना कबूल कर लिया। चोरी के इस मामले में संजय वैष्णव और उसकी मां लव कुमारी वैष्णव को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि पुत्र संजय वैष्णव द्वारा लाये गये चोरी के सामानों को उसकी मां ने ही छिपाया था।

### संतान नहीं होने...

दपंत्ति में संतान नहीं होने की बात को लेकर कहासुनी हो गई देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि तुलसी प्रसाद यादव ने घर में रखे गैंती से सीधे अपनी पत्नी रैना यादव के ऊपर ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतार दिया। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद तुलसी प्रसाद यादव मौके से फरार हो गया था। हत्या की सूचना मिलते ही कटघोरा थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरु की। हत्या के चंद घंटों बाद पुलिस ने हत्या के वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी पति तुलसी प्रसाद यादव को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

**कोरबा मार्केट**









## खबर संक्षेप



### श्री गजानन महाराज प्रकट दिवस समारोह में शामिल हुए पूर्व मंत्री

**कोरबा।** बुधवारी महाराणा प्रताप नगर चौक के पास स्थित श्री गजानन सांई मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संयुक्त महाराष्ट्र सेवा मंडल एवं गणेश सेवा समाज के तत्वाधान में श्री गजानन महाराज प्रकट दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल भी पहुँचे। उन्होंने गजानन महाराज सहित मंदिर में स्थापित सभी देवी देवताओं की विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना करते हुए कोरबावासियों के वैभव, ऐश्वर्य, उन्नति, प्रगति, स्वास्थ्य, सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए कामना किया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि श्री गजानन विजय ग्रंथ अपने आप में एक सिद्ध ग्रंथ है, जिसका पारायण करने से मनोरथ पूरी होती है। श्री अग्रवाल ने कहा कि संयुक्त महाराष्ट्र सेवाएं मंडल, गणेश सेवा समाज के द्वारा प्रतिवर्ष श्री गजानन महाराज प्रकट दिवस समारोह मनाया जाता है। उन्होंने भंडारे में प्रसाद वितरण किया और प्रसाद ग्रहण भी किया।

### कनबेरी में वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**कोरबा।** प्राथमिक शाला धनुहारपार, प्राथमिक शाला खैरभावना, प्राथमिक शाला कनवेरी माध्यमिक शाला कनबेरी द्वारा सामूहिक रूप से पांचवी एवं आठवीं के बच्चों को विदाई समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को ग्राम कनबेरी में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में श्रीमती मधु सोनी शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष मा,शा, कनबेरी विशिष्ट अतिथि अशोक खुराना संकुल समन्वयक जपेली एवं श्रीमती अर्चना सिंह प्रा,शा, सोनपुरी, जे एस परस्ते प्रधानपाठक, वीरेन्द्र राठौर प्रधानपाठक, पवन लाल जोशी प्रधानपाठक एवं विनय सोनवानी संकुल समन्वयक पड़निया उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथमिक स्तर पर प्रथम-प्राथमिक शाला कनबेरी, द्वितीय प्राथमिक शाला खैरभवना, तृतीय प्राथमिक शाला धनुहारपार माध्यमिक स्तर पर माध्यमिक शाला प्रथम-रहे बच्चों को पुरस्कृत किया गया और 5वीं एवं 8वीं के बच्चों को विदाई दिया गया। जिसमें धनुहारपार, खैरभवना एवं कनबेरी स्वसहायता समूह के द्वारा आंशिक न्यौता भोजन का आयोजन किया गया।

### जिला स्तरीय पशु मेला आयोजित



**कोरबा।** विभागीय गतिविधियों के प्रचार प्रसार एवं पशुपालकों को पशु पालन की ओर रुझान बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को ग्राम सलियांभाठा कोरबा में जिला स्तरीय पशु मेला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के उन्नत नस्ल के पशु पक्षियों का उत्कृष्ट प्रदर्शनी आयोजित हुई। कार्यक्रम में पशुपालकों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में 100 से अधिक पशुपालको द्वारा अपने पशु पक्षियों का प्रदर्शन किया गया। उन्नत पशुओं हेतु पशुपालकों को प्रोत्साहन स्वरुप अथितियों के करकमलों से पुरुस्कार वितरित किये गये। कार्यक्रम विकासखंड कोरबा अर्तत ग्राम सलिहाभांठा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य अथिति के रुप में जिला पंचायत के अध्यक्ष डॉ पवन सिंह, फूलसिंह राठिया विधायक विधानसभा क्षेत्र रामपुर, अध्यक्षता श्रीमती अमिलाबाई कंवर संरपंच ग्राम सलिहाभांठा, विशिष्ट अथिति के रुप में विनय कंवर अध्यक्ष जिला गौधाम समिति, श्रीमती सुष्मिता कमलेश अनंत जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती सावित्री अजय कंवर, सदस्य जिला पंचायत कोरबा, श्रीमती बिजमोती राठिया अध्यक्ष जनपद पंचायत कोरबा के आथित्य में संपन्न हुआ।

# जनपद और ग्राम पंचायत पीएम सूर्य घर योजना से नहीं लगा सकेंगी सोलर पैनल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

अब जनपद और ग्राम पंचायत अपने स्तर पर किसी भी फर्म से पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत सोलर पैनल नहीं लगा सकेंगे। यह काम राज्य अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण (क्रेडा) को शासन के आदेश के तहत सौंपा गया है। शासकीय योजनाओं के तहत सोलर पैनल लगाने का काम शासकीय एजेंसी ही करेंगी। इस समय ग्रामीण अंचलों में पीएम आवास, जन मन आवास में सोलर पैनल लगाने का काम तेजी से चल रहा है।

पिछले कुछ समय से जिले के ग्रामीण अंचलों में सोलर पैनल लगाने के क्षेत्र में कई निजी कंपनियां भी सक्रिय हैं। जिनके द्वारा लोगों के घरों में सोलर पैनल लगाने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के ग्रामीण अंचलों में बन रहे जन मन और पीएम आवास में भी सोलर पैनल लगाने का काम योजना के हितग्राहियों के घरों में किया जा रहा है जिसमें कुछ हितग्राहियों के यहां निजी कंपनियों के द्वारा सोलर पैनल लगाए जाने की खबरें सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने जनपद और ग्राम पंचायतों को स्पष्ट रुप से निर्देश जारी कर सोलर पैनल लगाने के कार्य से अलग किया है। राज्य शासन के पहले से ही इस आशय के आदेश हैं इसके तहत किसी भी शासकीय योजना अंतर्गत लगाए जाने वाले सोलर पैनल का काम क्रेडा के द्वारा ही कराया जाता है लेकिन कुछ जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत अपने स्थानीय स्तर पर सोलर पैनल लगाने का काम निजी फर्मों को दे दिया जाता था। इससे क्रेडा को मिले कार्यों का हनन होता था। इसे देखते हुए यह आदेश जारी किया गया कि सोलर पैनल लगाने का काम जनपद और ग्राम पंचायत नहीं करेंगी यह कार्य क्रेडा के द्वारा ही कराया जाएगा।

### शासन के आदेश के तहत क्रेडा को दी गई जिम्मेदारी

**खास बात**

- ग्रामीण अंचलों में पीएम सूर्य घर योजना से जगह जगह लग रहा सोलर पैनल



**पहले से इसके आदेश हैं**

शासकीय योजनाओं के तहत सोलर पैनल लगाने का कार्य क्रेडा के द्वारा ही किया जाता है। इसके आदेश पहले से ही हैं और इस पर सख्ती से अमल भी किया जा रहा है।

-दीपक साहू
सहायक संचालक क्रेडा

### सौर सुजला योजना का काम क्रेडा के जिम्मे

जिले में किसानों के खेतों में फसल सिंचाई के लिए सौर सुजना योजना अंतर्गत सोलर पैनल लगाने का काम क्रेडा के जिम्मे दिया गया है। इसके लिए हितग्राहियों को कृषि विभाग को आवेदन देना होता है और वहां से प्रकरण बनाकर क्रेडा को प्रेषित किया जाता है और राज्य शासन से मिले लक्ष्य के तहत ही किसानों के खेतों में क्रेडा ही सोलर पैनल लगाने का कार्य करता है। इसी तर्ज पर पीएम और जन मन योजना में भी क्रेडा को ही जिम्मेदारी दी गई है।

## बजट युवा संवाद में युवाओं ने जाना विकसित भारत का रोडमैप

# विकसित भारत 2047 के लिए बजट में ऐतिहासिक प्रावधान : सुशांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार का लक्ष्य सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास के मंत्र के साथ 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि समग्र शिक्षा के लिए 60 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 80 हजार करोड़ रुपए, देश में रोजगार सृजन हेतु 1 लाख करोड़ रुपए, कौशल उन्नयन के लिए 25 हजार करोड़ रुपए और उद्योग स्थापना को बढ़ावा देने हेतु 40 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश करने वाले हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हैं।

उक्त बातें बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में बजट युवा संवाद कार्यक्रम के दौरान कही। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा युवाओं को केंद्र सरकार के बजट से सीधे जोड़ने के उद्देश्य से श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में भव्य बजट युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है और युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसर तैयार किए जा रहे हैं। यह बजट किसान की आय बढ़ाने वाला बजट है, भारत को विकसित भारत बनाने वाला बजट है, लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने वाला बजट है, भारत को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने वाला बजट है व्यापारियों को टैक्स के झंझटों से राहत देने वाला बजट है महिलाओं को समान अवसर देने वाला बजट है। इस संवाद में लगभग हजार से अधिक युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर बजट के प्रावधानों, रोजगार अवसरों और भविष्य की संभावनाओं पर खुलकर चर्चा की। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट युवाओं को अवसरों से जोड़ने वाला बजट है, जिससे शहर और प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी। पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के अध्यक्षता में आयोजित संवाद के दौरान युवाओं को रोजगार सृजन, शिक्षा, स्टार्टअप, कौशल विकास और आत्मनिर्भर भारत से जुड़े अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा युवाओं से प्रत्यक्ष संवाद कर उनके सुझाव और अपेक्षाएं भी जानी गई।

**खास बात**

- उद्योग मंत्री, बेलतरा विधायक व महापौर हुए शामिल



कार्यक्रम में उपस्थित उद्योग मंत्री, महापौर, बेलतरा विधायक व अन्य भाजपाई।

### अधोसंरचना और ग्रामीण विकास पर विशेष जोर : लखनलाल

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री और छत्तीसगढ़ के निर्माता अटल बिहारी वाजपेई द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने गांव-गांव तक विकास पहुंचाया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 19 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान, छत्तीसगढ़ के लिए 9 सौ करोड़ रुपए का विशेष बजट, राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए 3 लाख 10 हजार करोड़ रुपए का ऐतिहासिक बजट ग्रामीण और शहरी भारत को जोड़ते हुए विकास की गति को और तेज करेगा।


## अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों ने जहर खाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों ने जहर खाकर मौत को गले लगा लिया है। बताया जाता है कि दो आदतन शराबी थे जो शराब के नशे में धुत होकर जहर खाकर मौत को गले लगाया है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लीमडीह की है यहां निवासरत धर्म सिंह 32 वर्ष पिता जतीराम आदतन शराबी था जो पिछले कई दिनों से लगातार शराब का सेवन कर रहा था और शराब के नशे में धुत होकर धर्म सिंह ने जहर खा लिया था। उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान धर्म सिंह की मौत हो गई है। दूसरी घटना उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम तुमान निवासरत कृष्ण कुमार 40 वर्ष पिता रतिराम ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया था। जब उसकी तबीयत बिगड़ी तो परिजनों को पता चला जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान कृष्ण कुमार की मौत हो गई। तीसरी घटना भी उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम जर्वे परसाभांठा की है यहां निवासरत हिंसाराम 60 वर्ष पिता चमार साय ने भी जहर खाकर मौत को गले लगा लिया है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है

## बाइक में लगी आग, जलकर खाक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला चौकी क्षेत्र के ग्राम पड़निया में रविवार शाम एक खड़ी बाइक में अचानक आग लग गई। इस घटना के दौरान बाइक का चालक मनीराम यादव जो शराब के नशे में था, वाहन के पास ही सो रहा था। मनीराम यादव सर्वमंगला की ओर से अपने गृह ग्राम पड़निया जा रहा था। नशे की वजह से उसने अपनी बाइक सडक़ किनारे खड़ी कर दी और वहीं सो गया था। इसी दौरान उसकी बाइक में अचानक आग लग गई। आग कैसे लगी, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। आग लगने के बाद पेट्रोल टंकी फटने से अफरा-तफरी मच गई। कुछ राहगीरों की नजर जलती हुई बाइक और उसके पास सो रहे चालक पर पड़ी। उन्होंने तुरंत मनीराम यादव को जलती बाइक से दूर हटाया। कुछ ही देर में बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

## मत्स्य नीति की ठेका व्यवस्था का विस्थापित आदिवासी मछुआरों ने किया विरोध, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



रैली निकालते मछुवा सहकारी समिति संगठन।

मिनीमाता हसदेव (बांगो) जलाशय में लागू ठेका व्यवस्था के विरोध में बांगो बांध से विस्थापित आदिवासी समुदायों एवं हसदेव बांध क्षेत्र की 22 पंजीकृत मछुआरा सहकारी समितियों के संयुक्त संगठन विस्थापित आदिवासी मछुआरा संघर्ष समिति के नेतृत्व में तानसेन चौक से कलेक्टर कार्यालय, कोरबा तक शांतिपूर्ण रैली निकाली गई। रैली के उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

छग किसान सभा ने बांगों डेम से प्रभावित विस्थापितों की मांगों का समर्थन करते हुए मत्स्य पालन और पकड़ने का अधिकार प्रभावितों को देने की मांग की। मछुआरा संघर्ष समिति के संयोजक फिरतू बिझवार एवं कृष्णा कुमार ने बताया कि छत्तीसगढ़ मत्स्य नीति 2022 के तहत जलाशयों को ठेका प्रणाली पर देने से विस्थापित आदिवासी एवं पारंपरिक मछुआरा समुदायों का शोषण हो रहा है। जिन समुदायों की जमीन, जंगल और गांव बांगो बांध के कारण डूबे, उन्हीं को आज अपने ही जलाशय में ठेकेदारों के अधीन काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। सरबोध, दीपक मंझवार, धनसाय, रविन्द्र सिदार ने कहा कि मिनीमाता हसदेव जलाशय का जल क्षेत्र वर्ष 2005 से पूर्व की पारंपरिक ग्राम सीमाओं के अंतर्गत आता है और इस पर वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत सामुदायिक वन संसाधन अधिकार का वैध दावा बनता है। इसके बावजूद ग्राम सभाओं द्वारा पारित प्रस्तावों की अनदेखी कर ठेका दिया गया है। ज्ञापन में हाल के दिनों में मछुआरा समुदाय के साथ हुई धमकी, अवैध वसूली तथा मछली जाल की जब्ती जैसी घटनाओं का उल्लेख करते हुए जान—माल की सुरक्षा की मांग भी की गई। संगठनों ने स्पष्ट किया कि वे ठेका व्यवस्था को स्वीकार नहीं करते और किसी भी स्थिति में ठेकेदार के लिए कार्य नहीं करेंगे। छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं सूरजपुर के पूर्व विधायक भानु प्रताप सिंह ने मछुवारों के आंदोलन का समर्थन कर रैली में शामिल हुए और प्रशासन से मांग की है कि ठेका व्यवस्था पर तत्काल रोक लगाई जाए, ग्राम सभाओं के अधिकारों को मान्यता दी जाए, रॉयल्टी आधारित सामुदायिक मत्स्य व्यवस्था लागू की जाए तथा मछुआरा समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

## दो मासूमों के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो नाबालिक लड़कियों के साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अजांम देने वाले आरोपी को आजीवन सश्रम कारावास व दो हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ढेलवाडीह निवासी आरोपी व्यासनारायण सोनवानी के द्वारा अपने ही क्षेत्र की दो नाबालिक लड़कियों को बहला फुसलाकर दुष्कर्म की घटना को अजांम दिया था। जिसपर कटघोरा पुलिस ने आरोपी व्यासनारायण के खिलाफ मामले को न्यायालय में पेश किया था। जहां आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायालय एफटीएससी (पाक्सो) कटघोरा ने आजीवन सश्रम कारावास (जो उसके शेष प्राकृत जीवनकाल के लिए कारावास से अभिप्रेत होगा) एवं 2 हजार रू के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक (पाक्सो) कटघोरा शोधन राम देवांगन ने की है।

### नाबालिग पर चाकू से हमला, मामला दर्ज

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत देवेन्द्र गिरी गोस्वामी पिता राजगिरी गोस्वामी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका पुत्र किशन गिरी गोस्वामी उम्र 14 वर्ष 8 फरवरी को दोपहर 1:30 बजे अपने मोहल्ले में अपने मित्र के साथ बैठे हुए बातचीत कर रहा था कि उसी समय मिट्ठू साहू पिता बच्चू साहू, एंव अंकित आया और किशन गिरी गोस्वामी के साथ गाली-गलौच करते हुए मारने पीटने लगा और मिट्ठू साहू चाकू निकालकर किशन गिरी गोस्वामी के पेट में चाकू से हमला करने की कोशिश किया तो जो चाकू किशन गिरी गोस्वामी के हाथ में जा घुसा। मामले में पुलिस ने मिट्ठू साहू के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच में जुट गई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## एक साल के दरम्यान दूसरी देशव्यापी हड़ताल की तैयारी से कोल इंडिया प्रबंधन की बढ़ी मुश्किलें

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने श्रमिक संगठनों ने झोंकी ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार द्वारा लागू किये गये चार लेबर कोड के विरोध समेत अन्य मुद्दों को लेकर 12 फरवरी की प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा ने पूरी ताकत झोंक दी है। कोल इंडिया की हर कंपनी में मजदूर कन्वेंशन किया गया. फिलहाल सभी माइंसों में पिट मीटिंग की जा रही है। इस हड़ताल में कोयला, लोहा, बिजली, रेल, सेल, भेल, एलआइसी, जीआइसी, बैंक, डिफेंस, ट्रांसपोर्ट, आंगनबाड़ी, स्कील्ड वर्कर के अलावा राज्य व केंद्र सरकार के कर्मचारी शामिल रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व नौ जुलाई 2025 को भी चार लेबर कोड के खिलाफ देशव्यापी हड़ताल हुई थी और इसमें लगभग 36 करोड़ संगठित व असंगठित क्षेत्र के मजदूर व कर्मचारी शामिल हुए थे। 12 फरवरी की प्रस्तावित हड़ताल में देश की 11 रजिस्टर्ड ट्रेड यूनियनें शामिल हैं। इसमें इंटक, एटक, एचएमएस, सीटू, एक्टू, यूटीयूसी, यूटीयूसी लेनिन सरनी, एआइयूटीयूसी, सेवा, एलपीएफ, स्वतंत्र फेडरेशन के अलावा कई रिजनल यूनियनें शामिल हैं एकमात्र भारतीय भारतीय मजदूर संघ इस हड़ताल में शामिल नहीं है। 12 फरवरी की प्रस्तावित देशव्यापी हडताल में कोयला उद्योग से जुड़ी सात मांगें जिनमें कोड ऑन वेजेजे-2019, इंडस्ट्रीयल रिलेशन कोड-2020, कोड ऑन सोशल सिक्यूरिटी-2020, ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वेलफेयर कंडिशनस-2020 को निरस्त करने, जेबीसीसीआइ-12 का गठन, ग्रेच्युटी सिलिंग में वृद्धि, कोल इंडिया व इसकी अनुषांगिक कंपनियों में विनिवेश पर रोक, आउटसोर्स से कोयला उत्पादन पर रोक, कॉमर्शियल माइनिंग पर रोक, एक्सप्लोरेशन, ड्रिलिंग व प्लानिंग के लिए 44 कंपनियों को दिये गये लाइसेंस को रद्द करने की बात शामिल है। केंद्रीय मांगों में चार लेबर कोड को निरस्त करने, मनरेगा का नाम नहीं बदलने, इंश्योरेंस कंपनी में सौ फीसदी विदेशी पूंजी पर रोक, बिजली बिल-2025 संशोधन बिल वापस लेने, शीड बिल-2025 ससधन वापस लेने की बातें शामिल हैं।

### कोल इंडिया का उत्पादन होगा प्रभावित

हड़ताल से हर बार की तरह कोयला उत्पादन प्रभावित होगा। एक दिन की हड़ताल से कोल इंडिया में करीब 30 लाख टन तथा सीसीएल में 3-4 लाख टन कोयला उत्पादन प्रभावित होगा। मालूम हो कि कोल इंडिया की हर कंपनी फिलहाल तेज गति से अपने उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जोरशोर से लगी हुई है।

### क्या कहते हैं यूनियनों के पदाधिकारी

एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंद्र कुमार ने कहा कि चार लेबर कोड दरअसल पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने व मजदूर वर्ग को कमजोर करने के लिए लागू किया गया है। सरकार मजदूरों की वर्षों की मेहनत से अर्जित अधिकारों को खत्म करना चाहती है। सीटू के राष्ट्रीय सचिव डीडी रामानंदन ने कहा कि चार लेबर कोड मजदूरों के नहीं, बल्कि प्राइवेट मालिकों को लाभ पहुंचाने के लिए लागू किया गया है। मजदूरों के समक्ष करो या मरो की स्थिति है। केंद्र सरकार कोल इंडिया को तोड़ने का प्रयास कर रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411